पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 24
Number of Pages in Booklet : 24

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
No. of Questions in Booklet : 100

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या /
Question Paper Booklet No. 2419883

# ST-81

**Subject Code : 0B**

**विषय / SUBJECT : G.K.**

# PAPER-I

समय : 2.00 घण्टे
Time : 2.00 Hours

अधिकतम अंक : 200
Maximum Marks : 200

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**

**The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the Paper Seal / Polythene bag. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर 5 **अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

*Warning : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.*

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

**0B**

Scanned by CamScanner

1. राजस्थान में सम्भाव्य वाष्पीकरण – वाष्पोत्सर्जन की वार्षिक दर सर्वाधिक किस जिले में है ?
(1) डूंगरपुर (2) जैसलमेर
(3) गंगानगर (4) कोटा

2. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | क्षेत्र | | स्थानीय नाम |
|---|---|---|---|
| I. | डूंगरपुर, बांसवाड़ा एवं प्रतापगढ़ क्षेत्र | a. | भौमट |
| II. | डूंगरपुर, पूर्वी सिरोही एवं उदयपुर जिलों का अरावंली पर्वतीय क्षेत्र | b. | हाड़ौती |
| III. | आबू पर्वत खण्ड | c. | वागड़ |
| IV. | कोटा, बूंदी एवं बारां क्षेत्र | d. | अर्बूद |

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (1) | c | b | a | d |
| (2) | d | a | b | c |
| (3) | d | c | b | a |
| (4) | c | a | d | b |

3. जनगणना 2001 एवं 2011 के मध्य, राजस्थान के किन जिलों में लिंगानुपात में कमी आई है ?
(1) अजमेर एवं झालावाड़
(2) धौलपुर एवं झालावाड़
(3) राजसमन्द एवं चूरू
(4) अजमेर एवं धौलपुर

4. राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का ______ प्रतिशत है।
(1) 10.41% (2) 11.45%
(3) 9.95% (4) 10.55%

5. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है ?

| | नदी | | सहायक नदी |
|---|---|---|---|
| (1) | काली सिंध | – | परवन |
| (2) | साबरमती | – | माजम |
| (3) | गम्भीरी | – | मेशवा |
| (4) | माही | – | जाखम |

1. Which district of Rajasthan have highest annual rate of potential evapo-transpiration ?
(1) Dungarpur (2) Jaisalmer
(3) Ganganagar (4) Kota

2. Match the following :

| | Region | | Local Name |
|---|---|---|---|
| I. | Dungarpur, Banswara and Pratapgarh area | a. | Bhomat |
| II. | Aravali hilly area of Dungarpur, East Sirohi and Udaipur districts | b. | Hadauti |
| III. | Abu hill region | c. | Vagad |
| IV. | Kota, Bundi and Baran area | d. | Aburd |

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (1) | c | b | a | d |
| (2) | d | a | b | c |
| (3) | d | c | b | a |
| (4) | c | a | d | b |

3. In which of the following districts of Rajasthan sex-ratio decreased during census 2001 and 2011 ?
(1) Ajmer and Jhalawar
(2) Dholpur and Jhalawar
(3) Rajsamand and Churu
(4) Ajmer and Dholpur

4. Percentage area of Rajasthan to the total area of India is
(1) 10.41% (2) 11.45%
(3) 9.95% (4) 10.55%

5. Which of the following is not correctly matched ?

| | River | | Tributary |
|---|---|---|---|
| (1) | Kali Sindh | – | Parwan |
| (2) | Sabarmati | – | Majam |
| (3) | Gambhiri | – | Meshwa |
| (4) | Mahi | – | Jakham |



Scanned by CamScanner

6. राजस्थान में सीमेंट उद्योग के स्थानीयकरण का प्रमुख कारक कौन सा है ?
(1) शक्ति संसाधनों की उपलब्धता
(2) प्रशिक्षित श्रमिक
(3) बाजार
(4) कच्चे माल की उपलब्धता

7. राजस्थान के कौन से जिले 'आर्द्र दक्षिणी–पूर्वी मैदान' कृषि–जलवायु प्रदेश के अन्तर्गत आते हैं ?
(1) राजसमंन्द, भीलवाड़ा तथा चित्तौड़गढ़
(2) कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ तथा सवाई माधोपुर
(3) डूंगरपुर तथा बाँसवाड़ा
(4) डूंगरपुर, बाँसवाड़ा तथा प्रतापगढ़

8. कथन (S) : राजस्थान में जनसंख्या का वितरण असमान है ।
कारण (R) : राज्य में जलवायु तथा उच्चावचीय कारकों में विविधता पायी जाती है ।
(1) (S) सही नहीं है, परन्तु (R) सही है ।
(2) (S) तथा (R) दोनों सहीं नहीं हैं ।
(3) (S) तथा (R) दोनों सही हैं ।
(4) (S) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

9. सुमेलित कीजिए :

| जिला | पर्यटन स्थल |
|---|---|
| I. अलवर | a. डीग |
| II. अजमेर | b. कोलायत |
| III. बीकानेर | c. सोनी जी की नसियाँ |
| IV. भरतपुर | d. पाण्डूपोल |

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (1) | d | c | b | a |
| (2) | b | d | a | c |
| (3) | a | b | c | d |
| (4) | c | a | b | d |

6. Which is the main factor of localisation of cement industry in Rajasthan ?
(1) Availability of power resources
(2) Skilled labour
(3) Market
(4) Availability of raw material

7. Which districts of Rajasthan fall under 'Humid south-eastern plain' agro-climatic zone ?
(1) Rajsamand, Bhilwara and Chittorgarh
(2) Kota, Bundi, Baran, Jhalawar and Sawai Madhopur
(3) Dungarpur and Banswara
(4) Dungarpur, Banswara and Pratapgarh

8. **Statement (S) :** *The distribution of population in Rajasthan is uneven.*
**Reason (R) :** The state has varied climate and relief features.
(1) (S) is incorrect but (R) is correct.
(2) Both (S) and (R) are incorrect.
(3) Both (S) and (R) are correct.
(4) (S) is correct but (R) is incorrect.

9. Match the following :

| District | Tourist place |
|---|---|
| I. Alwar | a. Deeg |
| II. Ajmer | b. Kolayat |
| III. Bikaner | c. Soni Ji Ki Nasiyan |
| IV. Bharatpur | d. Pandupol |

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (1) | d | c | b | a |
| (2) | b | d | a | c |
| (3) | a | b | c | d |
| (4) | c | a | b | d |


Scanned by CamScanner

10. उत्तरी गोलार्द्ध में व्यापारिक पवनें किस दिशा में बहती है ?

(1) उत्तर-पश्चिम (2) उत्तर-पूर्व

(3) दक्षिण-पश्चिम (4) दक्षिण-पूर्व

11. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान प्रसिद्ध है

(1) हिम चीता के लिए

(2) मगरमच्छ के लिए

(3) साइबेरियाई सारस के लिए

(4) एक सींग वाले भारतीय गैंडों के लिए

12. नीचे दिए गए कथनों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) चेन्नई में वर्षा की परिवर्तनशीलता, मुम्बई से अधिक है ।

(B) चेन्नई में लौटते मानसून से ज्यादा वर्षा होती है ।

(1) (A) तथा (B) दोनों सही हैं ।

(2) (A) तथा (B) दोनों सही नहीं हैं ।

(3) केवल (A) सही है ।

(4) केवल (B) सही है ।

13. यदि अण्डमान में उष्ण-कटिबन्धीय चक्रवात का विकास होता है, तो किस बंदरगाह के अधिकारियों को सचेत किया जाना चाहिए ?

(1) कोलम्बो (2) चेन्नई

(3) कोलकाता (4) रंगून

14. 'मेवात क्षेत्र विकास कार्यक्रम' कितने जिलों में विस्तृत है ?

(1) दो (2) पाँच

(3) तीन (4) चार

15. कौन सी हवा डॉक्टर हवा के नाम से जानी जाती है ?

(1) फोहन (2) चिनूक

(3) हरमट्टन (4) बोरा

10. In which direction, trade winds flow in northern hemisphere ?

(1) North-West (2) North-East

(3) South-West (4) South-East

11. Kaziranga National Park is famous for

(1) Snow leopard

(2) Crocodile

(3) Siberian crane

(4) One horned rhinoceros

12. Choose the correct answer with the help of the following statements :

(A) Variability of rainfall in Chennai is more than Mumbai.

(B) Chennai receives maximum rainfall from retreating monsoons.

(1) Both (A) and (B) are correct.

(2) Both (A) and (B) are incorrect.

(3) Only (A) is correct.

(4) Only (B) is correct.

13. If a tropical cyclone develops in the Andaman's, which port's authorities should be most alarmed ?

(1) Colombo (2) Chennai

(3) Kolkata (4) Rangoon

14. How many districts are included in 'Mewat Area Development Programme' ?

(1) Two (2) Five

(3) Three (4) Four

15. Which winds is known as doctor wind ?

(1) Foehn (2) Chinook

(3) Harmattan (4) Bora



Scanned by CamScanner

16. भारत की सबसे लम्बी सीमा किस देश के साथ लगती है ?

(1) बांग्लादेश (2) म्यांमार
(3) चीन (4) पाकिस्तान

17. ग्रेट बैरियर रीफ कहाँ स्थित है ?

(1) न्यूज़ीलैण्ड के पश्चिमी तट के सहारे
(2) न्यूज़ीलैण्ड के पूर्वी तट के सहारे
(3) ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी तट के सहारे
(4) ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट के सहारे

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भारत में मृदा अपरदन की समस्या जुड़ी हुई है :

(A) अत्यधिक वर्षा
(B) वनों की कटाई
(C) अत्यधिक खेती
(D) अतिचारण

इन कथनों में से

(1) (B), (C) और (D) सही हैं ।
(2) (B) और (D) सही हैं ।
(3) (A) और (B) सही हैं ।
(4) (A), (B), (C) और (D) सही हैं ।

19. भारत में कौन सा जनगणना वर्ष, 'जनसांख्यिकी विभाजन' का वर्ष कहा जाता है ?

(1) 1971 (2) 1921
(3) 1991 (4) 1901

20. महान सीमा भ्रंश पृथक करता है

(1) महान हिमालय से काराकोरम को
(2) भारत के महान मैदान से शिवालिक को
(3) शिवालिक से लघु हिमालय को
(4) लघु हिमालय से महान हिमालय को

16. Which country has the longest border with India ?

(1) Bangladesh (2) Myanmar
(3) China (4) Pakistan

17. Where is great barrier reef is located ?

(1) Along the Western coast of New Zealand
(2) Along the Eastern coast of New Zealand
(3) Along the Western coast of Australia
(4) Along the Eastern coast of Australia

18. Consider the following statements :

In India the problem of soil erosion is associated with

(A) excessive rainfall
(B) deforestation
(C) excessive cultivation
(D) overgrazing

Of these statements,

(1) (B), (C) and (D) are correct.
(2) (B) and (D) are correct.
(3) (A) and (B) are correct.
(4) (A), (B), (C) and (D) are correct.

19. Which census year is known as year of "demographic divide" in India ?

(1) 1971 (2) 1921
(3) 1991 (4) 1901

20. Great boundary fault separates

(1) Karakoram from great Himalaya
(2) Shivaliks from great Indian plains
(3) Lesser Himalayas from Shivaliks
(4) Great Himalayas from lesser Himalaya



Scanned by CamScanner

21. निम्नांकित में से राजस्थान के कौन से मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री बनने से पूर्व किसी भी मंत्री परिषद् में मंत्री नहीं रहे हैं ?

(A) जयनारायण व्यास

(B) बरकतुल्लाह खान

(C) मोहनलाल सुखाड़िया

(D) भैरोंसिंह शेखावत

सही उत्तर है :

(1) (C) और (D) (2) (B) और (D)

(3) (A) और (B) (4) (A) और (D)

22. 'राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम' के अनुसार विधानसभा में मंत्री परिषद् में अविश्वास प्रस्ताव के सम्बन्ध में निम्न में से कौन से कथन सही हैं ?

(A) प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति प्रश्नों के बाद और उस दिन की कार्य सूची का कार्य प्रारंभ करने के पूर्व माँगनी होगी ।

(B) अनुमति माँगने वाले सदस्य को उस दिन की बैठक प्रारंभ होने से पहले सचिव के पास, उस प्रस्ताव की, जिसे वह प्रस्तुत करना चाहे लिखित सूचना देनी होगी ।

(C) प्रस्ताव समग्र सदस्य संख्या के कम से कम दसवें भाग से समर्थित होना चाहिए ।

सही उत्तर है :

(1) (B) और (C) (2) (A) और (C)

(3) (A) और (B) (4) (A), (B) और (C)

23. निम्नांकित में से कौन राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के पद पर रहे हैं ?

(1) हरिदेव जोशी

(2) अशोक गहलोत

(3) मोहनलाल सुखाड़िया

(4) टीकाराम पालीवाल

21. Which of the following Chief Ministers of Rajasthan have not held the office of the Minister in any Council of Ministers, prior to become Chief Minister ?

(A) Jaynarayan Vyas

(B) Barkatullah Khan

(C) Mohanlal Sukhadia

(D) Bhairon Singh Shekhawat

Correct answer is :

(1) (C) and (D) (2) (B) and (D)

(3) (A) and (B) (4) (A) and (D)

22. Which of following statements are correct according to 'Rules of Procedure and Conduct of Business in Rajasthan Legislative Assembly' for Motion of No-confidence in Council of Ministers in Assembly ?

(A) Leave to move the motion shall be asked for after questions and before the list of business for the day is entered upon.

(B) The member asking for leave shall, before the commencement of the sitting for that day, give to the Secretary a written notice of the motion which he proposes to move.

(C) The motion should be favoured by not less than one tenth of the total number of members.

Correct Option is :

(1) (B) and (C) (2) (A) and (C)

(3) (A) and (B) (4) (A), (B) and (C)

23. Who among the following has held the office of the Chief Minister and Deputy Chief Minister of Rajasthan ?

(1) Hari Deo Joshi

(2) Ashok Gehlot

(3) Mohanlal Sukhadia

(4) Tika Ram Paliwal



Scanned by CamScanner

24. निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं हैं ?

| मुख्यमंत्री | मुख्य सचिव |
|---|---|
| (1) शिवचरण माथुर | – मदन मोहन कृष्णवली |
| (2) भैरोंसिंह शेखावत | – टी.वी. रमणन |
| (3) मोहनलाल सुखाडिया | – के.पी.यू मेनन |
| (4) बरकतुल्लाह खान | – आर.डी. माथुर |

25. निम्नांकित में से कौन से कृत्य भारत सरकार की राजनीतिक कार्यों संबंधी मंत्रीमंडल समिति के हैं ?

(A) केन्द्र-राज्य संबंधों से संबंधित समस्याओं पर विचार करना।

(B) ऐसे आर्थिक और राजनीतिक मामलों पर विचार करना, जिन पर व्यापक परिप्रेक्ष्य में निर्णय लेने की आवश्यकता हो।

(C) विदेशी मामलों से संबंधित ऐसे नीतिगत मामलों पर विचार करना, जिनसे बाह्य और आंतरिक सुरक्षा प्रभावित न होती हो।

सही उत्तर है :

(1) (A), (B) और (C)

(2) (B) और (C)

(3) (A) और (B)

(4) (A) और (C)

24. Which one of the following pair is not correctly matched ?

| Chief Minister | Chief Secretary |
|---|---|
| (1) Shiv Charan Mathur | – Madan Mohan Krishanwali |
| (2) Bhairon Singh Shekhawat | – T.V. Ramnan |
| (3) Mohanlal Sukhadia | – K.P.U. Menon |
| (4) Barkatullah Khan | – R.D. Mathur |

25. Which of the following are the functions of the Cabinet Committee on Political Affairs of Government of India ?

(A) To deal with problems relating to Centre-State relations.

(B) To consider economic and political issues that have to be judged with a wider perspective.

(C) To deal with policy matters concerning foreign affairs that do not have external or internal security implications.

Correct answer is :

(1) (A), (B) and (C)

(2) (B) and (C)

(3) (A) and (B)

(4) (A) and (C)



Scanned by CamScanner

26. निम्नांकित में से किस वर्ष में राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 में संशोधन कर पंचायतों में स्थायी समितियों का प्रावधान किया गया ?

(1) 2000 (2) 2011

(3) 1996 (4) 1999

27. पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के सभापति कौन है ?

(1) राजस्थान के पर्यटन मंत्री

(2) उदयपुर के संभागीय आयुक्त

(3) राजस्थान के राज्यपाल

(4) राजस्थान के मुख्यमंत्री

28. निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| (राजस्थान के मुख्यमंत्री) | | (वह राज्य जहाँ उन्होंने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल के पश्चात् राज्यपाल के पद पर कार्य किया) |
|---|---|---|
| (1) शिवचरण माथुर | – | आसाम |
| (2) जगन्नाथ पहाड़िया | – | बिहार |
| (3) मोहनलाल सुखाड़िया | – | आंध्र प्रदेश |
| (4) हरिदेव जोशी | – | त्रिपुरा |

26. In which year the provision for Standing Committees in Panchayats has been made by amendment in Rajasthan Panchayati Raj Act, 1994 ?

(1) 2000 (2) 2011

(3) 1996 (4) 1999

27. Who is the Chairperson of West Zone Culture Centre, Udaipur ?

(1) Tourism Minister of Rajasthan

(2) Divisional Commissioner of Udaipur

(3) Governor of Rajasthan

(4) Chief Minister of Rajasthan

28. Which one of the following pair is not correctly matched ?

| (Chief Minister of Rajasthan) | | (Name of the State where he held the office of the Governor after his tenure as Chief Minister) |
|---|---|---|
| (1) Shivcharan Mathur | – | Assam |
| (2) Jagannath Pahadia | – | Bihar |
| (3) Mohanlal Sukhadia | – | Andhra Pradesh |
| (4) Harideo Joshi | – | Tripura |



Scanned by CamScanner

29. श्रीमती रमा देवी राजस्थान के किस किसान आन्दोलन से सम्बद्ध रही ?

(1) बरड़ (2) बीकानेर

(3) बेगूँ (4) बिजौलिया

30. ढोला-मारू कहानी में ढोला की विवाह के समय उम्र थी

(1) 14 वर्ष (2) 16 वर्ष

(3) 3 वर्ष (4) 11 वर्ष

31. ऐतिहासिक स्थल मानगढ़ राजस्थान के किस जिले में है ?

(1) उदयपुर (2) प्रतापगढ़

(3) डूंगरपुर (4) बाँसवाड़ा

32. गवरी लोक नृत्य मूलतः सम्बधित है :

(1) कंजरों से (2) भीलों से

(3) गरासियों से (4) कालबेलियों से

33. किस राज्य के प्रजामण्डल ने 1936 ई. में 'कृष्णा दिवस' मनाया ?

(1) करौली (2) जोधपुर

(3) उदयपुर (4) कोटा

34. मुकाम प्रसिद्ध है :

(1) मुसलमानों के लिए (2) जसनाथियों के लिए

(3) जैनियों के लिए (4) विश्नोइयों के लिए

35. कोटा के किस शासक के काल को कोटा स्कूल की चित्रशैली का उत्कृष्ट काल माना जा सकता है ?

(1) महाराव उम्मेदसिंह-I

(2) महाराव शत्रुसालसिंह-II

(3) महाराव शत्रुसालसिंह-I

(4) महाराव किशोरसिंह

29. Smt. Rama Devi was associated to which peasant movement of Rajasthan ?

(1) Barad (2) Bikaner

(3) Begun (4) Bijolia

30. In the story of 'Dhola-Maru', the age of Dhola at the time of his marriage was :

(1) 14 years (2) 16 years

(3) 3 years (4) 11 years

31. In which district of Rajasthan is the historical place Mangarh situated ?

(1) Udaipur (2) Pratapgarh

(3) Dungarpur (4) Banswara

32. Gawari folk dance is basically associated with

(1) the Kanjars (2) the Bhils

(3) the Garasias (4) the Kalbelias

33. The Prajamandal of which princely state had observed 'Krishna Day' in 1936 ?

(1) Karauli (2) Jodhpur

(3) Udaipur (4) Kota

34. Mukam is famous for

(1) Muslims (2) Jasnathis

(3) Jains (4) Vishnois

35. Which period of the ruler of Kota is supposed to be excellent period for the Kota school of painting ?

(1) Maharao Ummed Singh-I

(2) Maharao Shatrusal Singh-II

(3) Maharao Shatrusal Singh-I

(4) Maharao Kishore Singh



Scanned by CamScanner

36. पाबूजी का मुख्य तीर्थ स्थल है :
(1) कोलू गाँव
(2) पाँचोटा गाँव
(3) ठीकरिया गाँव
(4) जोधपुरिया गाँव

37. अजमेर-मेरवाड़ा का राजस्थान में विलय कब हुआ ?
(1) 26 जनवरी, 1950
(2) 30 मार्च, 1949
(3) 26 जनवरी, 1956
(4) 1 नवम्बर, 1956

38. चारचौमा मन्दिर राजस्थान के किस जिले में हैं ?
(1) झालावाड़ (2) सीकर
(3) कोटा (4) बूँदी

39. जीणमाता का मेला राजस्थान के किस जिले में वर्ष में दो बार आयोजित होता है ?
(1) सवाई माधोपुर (2) जालौर
(3) सिरोही (4) सीकर

40. आभानेरी तथा राजौरगढ़ के कलात्मक वैभव किस काल के हैं ?
(1) गुहिल-सिसोदिया (2) राठौड़
(3) गुर्जर-प्रतिहार (4) चौहान

41. किस दुर्ग को 'गढ़बीटली' नाम से भी जाना जाता है ?
(1) जालौर का दुर्ग
(2) सिवाणा का किला
(3) तारागढ़ किला (अजमेर)
(4) तारागढ़ किला (बूँदी)

36. Pabuji's main pilgrimage site is :
(1) Kaulo village
(2) Panchota village
(3) Thikaria village
(4) Jodhpuria village

37. When was Ajmer-Merwara merged with Rajasthan ?
(1) 26th January, 1950
(2) 30th March, 1949
(3) 26th January, 1956
(4) 1st November, 1956

38. In which district of Rajasthan is the temple of Charchauma situated ?
(1) Jhalawar (2) Sikar
(3) Kota (4) Bundi

39. Jina Mata'a fair is held twice in a year in which district of Rajasthan ?
(1) Sawai Madhopur (2) Jalore
(3) Sirohi (4) Sikar

40. To which age does the artistic splendour of Abhaneri and Rajoregarh belong ?
(1) Guhil-Sisodia (2) Rathore
(3) Gurjar-Pratihar (4) Chauhan

41. Which fort is also known as Garhbeetali ?
(1) Jalore Fort
(2) Siwana Fort
(3) Taragarh Fort (Ajmer)
(4) Taragarh Fort (Bundi)


Scanned by CamScanner

42. बिजौलिया अभिलेख किस वंश के इतिहास की जानकारी का महत्त्वपूर्ण साधन है ?

(1) चौहान (2) प्रतिहार

(3) राठौड़ (4) सिसोदिया

43. हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की भील सेना का कमाण्डर था

(1) जीवाशाह (2) तारा भील

(3) राणा पूँजा (4) लूंणा चावण्ड्या

44. किसे महाराणा प्रताप का पथ-प्रदर्शक कहा जाता है ?

(1) मोटा राजा उदयसिंह

(2) अमरसिंह राठौड़

(3) राव मालदेव

(4) राव चन्द्रसेन

45. निम्न में से किस स्थल को ताम्रवती नगरी के नाम से भी जाना जाता था ?

(1) कालीबंगा (2) बागौर

(3) बैराठ (4) आहड़

46. बीकानेर के महाराजा रायसिंह गद्दी पर कब बैठे ?

(1) 1574 ई. (2) 1541 ई.

(3) 1612 ई. (4) 1585 ई.

47. 'मेमंद' आभूषण पहना जाता है

(1) भुजा पर (2) पैरों पर

(3) सिर पर (4) कमर पर

48. विजयदान देथा का सम्बन्ध है

(1) लोक संगीत से (2) लोक साहित्य से

(3) लोक कला से (4) लोक नृत्य से

42. For which dynasty Bijolia inscription is an important source of history ?

(1) Chauhan (2) Pratihar

(3) Rathore (4) Sisodia

43. Who was the commander of Bhil army of Maharana Pratap in the battle of Haldighati ?

(1) Jivashah (2) Tara Bhil

(3) Rana Punja (4) Lunna Chawandiya

44. Who is called the path demonstrator of Maharana Pratap ?

(1) Mota Raja Udaisingh

(2) Amar Singh Rathore

(3) Rao Maldev

(4) Rao Chandrasen

45. Out of the following which place was also known as Tamravati Nagri ?

(1) Kalibanga (2) Bagore

(3) Bairath (4) Aahar

46. When did the Maharaja Rai Singh of Bikaner sat on throne ?

(1) 1574 AD (2) 1541 AD

(3) 1612 AD (4) 1585 AD

47. The ornament 'Memand' is worn on :

(1) Arm (2) Feet

(3) Head (4) Waist

48. Vijaydan Detha is associated with

(1) Folk music (2) Folk literature

(3) Folk art (4) Folk dance



Scanned by CamScanner

49. 'कगारवाद का सिद्धांत' किसने दिया ?

(1) रूजवेल्ट

(2) हेरी एस. ट्रूमैन

(3) जॉन फॉस्टर डलेस

(4) जार्ज बुश

50. 'क्योटो प्रोटोकोल' का संबंध निम्नांकित में से किससे है ?

(1) भूमण्डलीय उष्मीकरण को कम करने हेतु

(2) आंतकवाद को रोकने हेतु

(3) आर्थिक सहयोग

(4) निःशस्त्रीकरण

51. निम्नांकित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

| भारतीय संविधान का अनुच्छेद | | शब्दावली |
|---|---|---|
| (1) 113 (3) | – | राष्ट्रपति की सिफारिश |
| (2) 304 (ख) | – | राष्ट्रपति की स्वीकृति |
| (3) 255 (1) (ग) | – | राष्ट्रपति की पूर्व मंजूरी |
| (4) 18 (3) | – | राष्ट्रपति की सहमति |

52. अन्तर्राज्यिक नदियों या नदी-दूनों के जल संबंधी विवादों के न्याय निर्णयन संबंधी प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में हैं ?

(1) 263 (2) 264

(3) 261 (4) 262

49. Who has given the 'Theory of Brinkmanship' ?

(1) Roosevelt

(2) Harry S. Truman

(3) John Foster Dulles

(4) George Bush

50. 'The Kyoto Protocol' is related to which theme ?

(1) To reduce global warming

(2) To stop terrorism

(3) Economic Co-operation

(4) Disarmament

51. Which one of the following pair is not correctly matched ?

| Article of the Constitution of India | | Terminology |
|---|---|---|
| (1) 113(3) | – | Recommendation of the President |
| (2) 304(b) | – | Acceptance of the President |
| (3) 255(1)(c) | – | Previous sanction of the President |
| (4) 18(3) | – | Consent of the President |

52. Adjudication of Disputes relating to waters of Interstate rivers or river valleys related provisions stated in which article of the Constitution of India ?

(1) 263 (2) 264

(3) 261 (4) 262



Scanned by CamScanner

53. निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| (आधिकारिक यात्रा) | (वर्ष) |
|---|---|
| (1) चीन के प्रधानमंत्री ली पेंग की भारत यात्रा | – 1992 |
| (2) चीन के राष्ट्रपति जियांग जेमिन की भारत यात्रा | – 1996 |
| (3) भारतीय विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की चीन यात्रा | – 1979 |
| (4) भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की चीन यात्रा | – 1988 |

54. 2003 में किस देश में 'रोज रिवोल्यूशन (गुलाबी क्रान्ति)' हुई ?

(1) जॉर्जिया

(2) रूस

(3) बेलारूस

(4) यूक्रेन

55. 'शांति के लिए एकता प्रस्ताव' को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?

(1) केनेडी प्लान

(2) एचेसन प्लान

(3) रूजवेल्ट प्लान

(4) ट्रूमैन प्लान

53. Which of the following pair is not correctly matched ?

| (Official Visit) | (Year) |
|---|---|
| (1) Chinese Prime Minister Li Peng's Visit to India | – 1992 |
| (2) Chinese President Jiang Zemin's Visit to India | – 1996 |
| (3) Indian Foreign Minister Atal Bihari Vajpayee's Visit to China | – 1979 |
| (4) Indian Prime Minister Rajeev Gandhi's Visit to China | – 1988 |

54. 'Rose Revolution' took place in which country in 2003 ?

(1) Georgia

(2) Russia

(3) Belarus

(4) Ukraine

55. 'Uniting for Peace Resolution' is also called as :

(1) Kennedy Plan

(2) Acheson Plan

(3) Roosevelt Plan

(4) Truman Plan



Scanned by CamScanner

56. हाल ही में, राजस्थान में किसके लिए स्टार रैंकिंग प्रारम्भ की गई है ?

(1) राजकीय छात्रावासों के लिए

(2) रोड़वेज बसों के लिए

(3) राजकीय चिकित्सालयों के लिए

(4) राजकीय विद्यालयों के लिए

57. भीलवाड़ा में हाल ही में, प्रारम्भ हुएं मेडिकल कॉलेज का क्या नाम है ?

(1) राजमाता विजयाराजे मेडिकल कॉलेज

(2) गीतांजली मेडिकल कॉलेज

(3) जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज

(4) अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज

58. मुख्यमंत्री राजश्री योजना के अन्तर्गत बेटियों को कितनी राशि दी जाती है ?

(1) ₹ 75,000 तक (2) ₹ 50,000 तक

(3) ₹ 60,000 तक (4) ₹ 40,000 तक

59. बीसलपुर बाँध में पानी की आवक बढ़ाने हेतु, निम्नलिखित में से कौन सी परियोजना तैयार की गई है ?

(1) माही – बनास परियोजना

(2) गदरड़ा बाँध परियोजना

(3) परवन सिंचाई परियोजना

(4) ब्राह्मणी – बनास परियोजना

60. हाल ही में, राजस्थान के किस क्रिकेट खिलाडी ने अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू (प्रथम प्रवेश) किया है ?

(1) नाथू सिंह (2) खलील अहमद

(3) पंकज सिंह (4) राम सिंह

56. Recently, the star ranking started in Rajasthan for whom ?

(1) for Government Hostels

(2) for Roadways Buses

(3) for Government Hospitals

(4) for Government Schools

57. What is the name of newly opened medical college in Bhilwara ?

(1) Rajmata Vijaya Raje Medical College

(2) Geetanjali Medical College

(3) Jawaharlal Nehru Medical College

(4) Ambedkar Medical College

58. How much amount is given to the daughter under Chief Minister Rajshri Yojana ?

(1) Upto ₹ 75,000 (2) Upto ₹ 50,000

(3) Upto ₹ 60,000 (4) Upto ₹ 40,000

59. To increase the flow of water in Bisalpur dam, which of the following project has been initiated ?

(1) Mahi-Banas Project

(2) Gadrada Dam Project

(3) Parwan Irrigation Project

(4) Brahmini-Banas Project

60. Which cricket player of Rajasthan has recently debuted the international cricket matches ?

(1) Nathu Singh (2) Khalil Ahmad

(3) Pankaj Singh (4) Ram Singh



Scanned by CamScanner

61. निम्नांकित में से राजस्थान का कौन सा जिला, नीति आयोग द्वारा महत्त्वाकांक्षी जिलों की पहली डेल्टा रेंकिंग 2018 में सम्मिलित नहीं है ?

(1) सिरोही (2) चूरू

(3) धौलपुर (4) बारां

62. राजस्थान में बच्चों में पोषण स्तर में सुधार हेतु 'अन्नापूर्णा दूध योजना' कब प्रारम्भ की ?

(1) 1 जुलाई, 2017 (2) 2 जुलाई, 2017

(3) 2 जुलाई, 2018 (4) 1 जुलाई, 2018

63. राजस्थान बजट 2018-19 में कुल व्यय का कितना प्रतिशत सामाजिक एवम् सामुदायिक सेवाओं पर प्रस्तावित है ?

(1) 40.92% (2) 28.22%

(3) 37.72% (4) 48.22%

64. आर्थिक सर्वेक्षण 2017-18 के अनुसार, 2004-2016 के दौरान भारत में वास्तविक कृषि सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि (प्रतिशत में) कितनी रही ?

(1) 3.0% (2) 3.3%

(3) 3.2% (4) 3.1%

65. राजस्थान सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निम्न में से कौन सी निःशुल्क मोबाईल एप शुरू की है ?

(1) कॉमएग्जाम (2) एवरनोट

(3) दिशारी (4) रीडर

66. राजस्थान में महिला राज्य कर्मचारियों को अपने पूरे सेवाकाल में कितने वर्ष का शिशु देखभाल अवकाश दिया जाता है ?

(1) तीन वर्ष (2) चार वर्ष

(3) एक वर्ष (4) दो वर्ष

61. Which of the following district of Rajasthan is not included in the First Delta Ranking 2018 of aspirational districts of NITI Aayog ?

(1) Sirohi (2) Churu

(3) Dholpur (4) Baran

62. When is 'Annapurna Milk Scheme' started in Rajasthan to improve the nutritional level in children ?

(1) 1st July, 2017 (2) 2nd July, 2017

(3) 2nd July, 2018 (4) 1st July, 2018

63. What is the percentage of total expenditure, proposed on social and community services, in the Rajasthan Budget 2018-19 ?

(1) 40.92% (2) 28.22%

(3) 37.72% (4) 48.22%

64. According to Economic Survey 2017-18, Real Agricultural GDP growth (in percent) in India during 2004-2016 had been :

(1) 3.0% (2) 3.3%

(3) 3.2% (4) 3.1%

65. Which of the following free mobile App has been launched by Rajasthan Government to prepare for competitive examinations ?

(1) COMEXAM (2) EVERNOTE

(3) DISHARI (4) REEDER

66. In Rajasthan, how many years of child care leave is given to women employees in their entire service ?

(1) Three years (2) Four years

(3) One year (4) Two years



Scanned by CamScanner

67. निम्नांकित कथनों को पढ़ें :

(i) राष्ट्रीय आय, उत्पादित समस्त अन्तिम वस्तुओं एवम् सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है ।

(ii) एन.एन.पी. ज्ञात करने के लिए जी.एन.पी. में से मूल्यह्रास को घटा देते हैं ।

इनमें से कौन सा/कौन से कथन सही है/हैं ?

(1) दोनों (i) व (ii)

(2) (i) व (ii) कोई नहीं

(3) केवल (i)

(4) केवल (ii)

68. निम्न में से कौन सा लाभ प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खोले गए खाते में नहीं मिलता है ?

(1) खाते में कोई न्यूनतम राशि रखने की आवश्यकता नहीं ।

(2) भारत में मुद्रा का कहीं भी आसान हस्तांतरण

(3) जमा राशि पर ब्याज

(4) दस लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवच

69. निम्नलिखित में से क्या राष्ट्रीय आय के बराबर है ?

(1) $NDP_{MP}$ (2) $NNP_{FC}$

(3) $NDP_{FC}$ (4) $NNP_{MP}$

70. केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सी एस ओ) के अनुसार, वर्तमान में आई आई पी गणना का आधार वर्ष क्या है ?

(1) 2010-11

(2) 2011-12

(3) 2008-09

(4) 2009-10

67. Read the following statements :

(i) National income is the monetary value of all final goods and services produced.

(ii) Depreciation is deducted from GNP to get NNP.

Which of these statements is/are correct ?

(1) Both (i) and (ii)

(2) None (i) and (ii)

(3) Only (i)

(4) Only (ii)

68. Which of the following benefits is not available in the bank account opened under Pradhan Mantri Jan Dhan Yojna ?

(1) No minimum balance is required in the account.

(2) Easy transfer of money across the India.

(3) Interest on Deposit.

(4) Accidental Insurance cover of ₹ 10.00 lakhs.

69. Which of the following is equal to the National Income ?

(1) $NDP_{MP}$ (2) $NNP_{FC}$

(3) $NDP_{FC}$ (4) $NNP_{MP}$

70. As per Central Statistics Office (CSO), which is the present base year of IIP calculations ?

(1) 2010-11

(2) 2011-12

(3) 2008-09

(4) 2009-10



Scanned by CamScanner

71. एक अध्यापक ने विद्यार्थियों का टी.ए.टी. परीक्षण किया ताकि उनमें निम्न की पहचान की जा सके :

(1) व्यक्तित्व की
(2) अभिवृत्ति की
(3) उपलब्धि की
(4) अभिज्ञता की

72. "जिन प्रतिक्रियाओं को सीखने के उपरांत संतुष्टि प्राप्त होती है, उन्हें सीख लिया जाता है," कहलाता है

(1) तत्परता का नियम
(2) सापेक्षता का नियम
(3) कल्पना का नियम
(4) प्रभाव का नियम

73. 'बेसल आयु' किसके मापन से सम्बन्धित है ?

(1) बुद्धि
(2) अभिक्षमता
(3) व्यक्तित्व
(4) अभिवृत्ति

74. शिक्षा मनोविज्ञान सम्बन्धित है :

(1) अधिगम संस्थितियों से
(2) दिए गए सभी विकल्प
(3) अधिगमकर्ता से
(4) अधिगम प्रक्रिया से

75. निम्न में से कौन सा कथन गलत है ?

(1) अधिगम हमेशा प्रेक्षणीय/अवलोकनीय होता है।
(2) अधिगम का परिणाम व्यवहार परिवर्तन होता है।
(3) अधिगम समायोजन है।
(4) अधिगम सार्वभौमिक है।

71. A class teacher administered Thematic Apperception Test to a group of students to assess their

(1) Personality
(2) Attitude
(3) Achievement
(4) Awareness

72. "The responses which are followed by satisfying after effects tend to be learned", is called as

(1) The Law of Readiness
(2) The Law of Relativity
(3) The Law of Imagination
(4) The Law of Effect

73. 'Basal Age' is related to the measurement of

(1) Intelligence
(2) Aptitude
(3) Personality
(4) Attitude

74. Educational Psychology is concerned with

(1) The learning situations
(2) All given options
(3) The learner
(4) The learning process

75. Which one of the following statement is not correct ?

(1) Learning is always observable.
(2) Learning results in change of behaviour.
(3) Learning is adjustment.
(4) Learning is universal.



Scanned by CamScanner

76. प्रेरणा-प्रबलन ह्रास सिद्धांत के प्रदाता है :

(1) मैसलो

(2) केपसन

(3) हल

(4) फ्रायड

77. 25 वर्षीय लड़का जिसकी मानसिक आयु 16 है, का आई क्यू होगा :

(1) 80 (2) 100

(3) 64 (4) 75

78. मनोविज्ञान व्यवहार का विज्ञान है और इसका घनिष्ठ सम्बन्ध शिक्षा से इसलिए है, क्योंकि शिक्षा बालक के ______ में परिवर्तन लाना चाहती है।

(1) मस्तिष्क

(2) व्यवहार

(3) चेतना

(4) आत्मा

79. बुद्धि-लब्धि (आई क्यू) के परिकलन का सूत्र है :

(1) $\frac{\text{सीए}}{100} \times \text{एमए}$

(2) $\frac{100}{\text{एमए}} \times \text{सीए}$

(3) $\frac{\text{सीए}}{\text{एमए}} \times 100$

(4) $\frac{\text{एमए}}{\text{सीए}} \times 100$

80. रोर्शा इंक ब्लॉट परीक्षण में शामिल है :

(1) पाँच काले व सफेद तथा पाँच बहुरंगी कार्ड

(2) दस बहुरंगी कार्ड

(3) पाँच काले तथा पाँच रंगीन कार्ड

(4) दस काले तथा दस सफेद कार्ड

76. The drive-reduction theory of motivation is given by

(1) Maslow

(2) Kapson

(3) Hull

(4) Freud

77. The I.Q. of a 25 years old boy, whose mental age is 16 will be

(1) 80 (2) 100

(3) 64 (4) 75

78. Psychology is the science of behaviour and it is intimately related to education because it brings changes in the ______ of a child.

(1) mind

(2) behaviour

(3) consciousness

(4) soul

79. The formula for calculation of Intelligence Quotient (IQ) is :

(1) $\frac{CA}{100} \times MA$

(2) $\frac{100}{MA} \times CA$

(3) $\frac{CA}{MA} \times 100$

(4) $\frac{MA}{CA} \times 100$

80. The Rorschach Inkblot Test consists of

(1) Five black and white and five multi-coloured cards

(2) Ten multi-coloured cards

(3) Five black and five coloured cards

(4) Ten black and ten white cards



Scanned by CamScanner

81. बालक की शारीरिक वृद्धि एवं विकास को प्रभावित करते हैं :

(1) केवल वंशानुक्रम

(2) वंशानुक्रम एवं वातावरण दोनों

(3) वंशानुक्रम

(4) वातावरण

81. Factors which affect a child's physical growth and development are :

(1) Only Heredity

(2) Both Heredity and Environment

(3) Heredity

(4) Environment

82. निम्नांकित में थॉर्नडाइक के अनुसार अधिगम का प्राथमिक नियम है ?

(1) आत्मीकरण का नियम

(2) मनोवृत्ति का नियम

(3) सादृश्य का नियम

(4) अभ्यास का नियम

82. Which of the following is the primary law of learning according to Thorndike ?

(1) Law of Assimilation

(2) Law of Disposition

(3) Law of Anology

(4) Law of Exercise

83. समायोजन के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सा गलत है ?

(1) यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया नहीं है।

(2) समायोजन की अनुपस्थिति में व्यक्ति तनाव, संघर्ष तथा चिंताओं से घिरा रहता है।

(3) यह संतुलन प्रदान करता है।

(4) यह समस्या का समाधान करता है।

83. Which of the following is incorrect with reference to adjustment ?

(1) It is not a continuous process.

(2) In the absence of adjustment one is surrounded by tension, struggle and anxiety.

(3) It provides balance.

(4) It solves the problem.

84. अभिरुचि, अभिवृत्ति, उपलब्धि तथा लिंग कौन सी विभिन्नताओं के क्षेत्र है ?

(1) वैयक्तिक विभिन्नताएँ

(2) चारित्रिक विभिन्नताएँ

(3) व्यक्ति की आंतरिक विभिन्नताएँ

(4) सामाजिक विभिन्नताएँ

84. Interest, Attitude, Achievement and Sex come under the area of following differences :

(1) Individual differences

(2) Characteristic differences

(3) Internal differences of a person

(4) Social differences

85. निम्न में से गलत युग्म कौन सा है ?

(1) सामाजिक अधिगम सिद्धांत – ब्रूनर

(2) प्रयत्न-त्रुटि अधिगम सिद्धांत – थॉर्नडाइक

(3) अधिगम का साइन सिद्धांत – टोलमन

(4) अधिगम का क्षेत्रीय सिद्धांत – लेविन

85. Which of the following pair is incorrect ?

(1) Social Learning Theory – Bruner

(2) Trial and Error Theory – Thorndike

(3) Sign Theory of Learning – Tolman

(4) Field Theory of Learning – Lewin



Scanned by CamScanner

86. अधिगम बाधित/असमर्थ बच्चे अधिकतम _______ होते हैं।

(1) संगत

(2) निम्न उपलब्धि वाले

(3) आक्रामक

(4) संगठित

87. मनोविज्ञान ने शिक्षा को बना दिया है :

(1) बाल केन्द्रित

(2) विषय केन्द्रित

(3) पाठ्यचर्या केन्द्रित

(4) शिक्षक केन्द्रित

88. गिलफोर्ड द्वारा प्रतिपादित बौद्धिक संरचना के मॉडल में प्रारम्भ में कितने तत्त्वों को सम्मिलित किया गया हैं ?

(1) 200

(2) 150

(3) 100

(4) 120

89. सृजनात्मकता की विशेषता होती है :

(1) लचीलापन

(2) दिए गए सभी विकल्प

(3) मौलिकता

(4) प्रवाहशीलता

90. एक शिक्षक के लिए शिक्षा मनोविज्ञान की उपादेयता है :

(1) (अ) तथा (ब) दोनों सही हैं।

(2) (अ) तथा (ब) दोनों गलत हैं।

(3) (अ) : स्वयं के ज्ञान एवं तैयारी के बारे में जानकारी के लिए।

(4) (ब) : बालकों की आवश्यकता की जानकारी के लिए।

86. Learning disabled children are mostly _______.

(1) consistent

(2) under achievers

(3) aggressive

(4) organised

87. Psychology has made education :

(1) Child centred

(2) Subject centred

(3) Curriculum centred

(4) Teacher centred

88. How many factors are initially included in Guilford's model of structure of intellect ?

(1) 200

(2) 150

(3) 100

(4) 120

89. Characteristics of creativity is :

(1) Flexibility

(2) All given options

(3) Originality

(4) Fluency

90. Utility of educational psychology for teacher is :

(1) Both (A) and (B) are true.

(2) Both (A) and (B) are false.

(3) (A) : To know about self-knowledge and preparation.

(4) (B) : To know about needs of children.



Scanned by CamScanner

91. भारत के निम्नांकित प्रधानमंत्रियों में से किस प्रधानमंत्री को कार्यवाहक राष्ट्रपति द्वारा शपथ दिलवाई गई ?

(1) राजीव गांधी

(2) आई.के. गुजराल

(3) इन्दिरा गांधी

(4) मोरारजी देसाई

92. 'ग्रीन पीस' संगठन की स्थापना किस वर्ष हुई ?

(1) 1968 (2) 1970

(3) 1971 (4) 1967

93. भारत शासन अधिनियम, 1919 के तहत गठित 'राज्य परिषद् (काऊन्सिल ऑफ स्टेट्स)' के पहले अध्यक्ष कौन थे ?

(1) सच्चिदानंद सिन्हा

(2) विट्ठलभाई पटेल

(3) फ्रेडरिक व्हाइट

(4) अलेक्जेंडर मूडीमेन

94. निम्नांकित में से किसने यह मत प्रदान किया है कि "इक्कीसवीं शताब्दी में विश्व व्यवस्था में तनाव व संघर्ष में वृद्धि होगी किन्तु इस संघर्ष का स्वरूप विचारधारात्मक, राजनीतिक अथवा आर्थिक न होकर सांस्कृतिक होगा" ?

(1) रोनाल्ड रीगन

(2) बराक ओबामा

(3) सेम्युअल हंटिगटन

(4) फ्रांसिस फुकुयामा

91. Which one of the following Prime Ministers of India was administered the oath of office by the acting President ?

(1) Rajeev Gandhi

(2) I. K. Gujral

(3) Indira Gandhi

(4) Morarji Desai

92. 'Green Peace' organization was established in which year ?

(1) 1968 (2) 1970

(3) 1971 (4) 1967

93. Who was the first President of the Council of States, constituted under Government of India Act, 1919 ?

(1) Sachchidananda Sinha

(2) Vitthal Bhai Patel

(3) Fredrick White

(4) Alexander Muddiman

94. Who made the thesis that "the twenty first century world order would be characterized by growing tension and conflict but that this conflict will be cultural in character rather than ideological, political or economic" ?

(1) Ronald Regan

(2) Barrack Obama

(3) Semuel Huntington

(4) Francis Fukuyama



Scanned by CamScanner

95. निम्नांकित में से कौन सी नियुक्तियों हेतु भारतीय सरकार की मंत्रीमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति का अनुमोदन अपेक्षित है ?

(A) भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर

(B) भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर

(C) अध्यक्ष, रेल बोर्ड

सही उत्तर है :

(1) (B) और (C)

(2) (A), (B) और (C)

(3) (A) और (B)

(4) (A) और (C)

96. किस समिति/आयोग ने यह सिफारिश की कि राज्यसभा को सच्चे अर्थों में संघीय उच्च सदन बनाने के लिए इसमें सभी राज्यों का समान प्रतिनिधित्व होना चाहिए, इस समर्थन के साथ कि संसदीय व्यवस्था निरंतर जारी रहे ?

(1) सरकारिया आयोग

(2) पुंछी आयोग

(3) सन्थानम समिति

(4) राजमन्नार समिति

97. यह किस अनुच्छेद में कहा गया है, "इस अनुच्छेद के उपबंधों के अधीन रहते हुए, संघ के लिए एक लोक सेवा आयोग और प्रत्येक राज्य के लिए एक लोक सेवा आयोग होगा" ?

(1) अनुच्छेद 315 (2) अनुच्छेद 310

(3) अनुच्छेद 174 (4) अनुच्छेद 248

95. Which of the following appointments require the approval of the appointments committee of Cabinet of Government of India ?

(A) Governor of the Reserve Bank of India

(B) Deputy Governors of Reserve Bank of India

(C) Chairman, Railway Board

Correct answer is :

(1) (B) and (C)

(2) (A), (B) and (C)

(3) (A) and (B)

(4) (A) and (C)

96. Which committee/commission recommended making the Rajya Sabha into 'truly Federal' upper house with equal representation for each State, while continuing to support the parliamentary system ?

(1) Sarkaria Commission

(2) Punchhi Commission

(3) Santhanam Committee

(4) Rajmannar Committee

97. Under which Article it is said that, "subject to the provisions of this article, there shall be a Public Service Commission for the Union and a Public Service Commission for each State" ?

(1) Article 315 (2) Article 310

(3) Article 174 (4) Article 248



Scanned by CamScanner

98. 'असम गण परिषद्' की स्थापना किस वर्ष हुई ?

(1) 1985 (2) 1987

(3) 1981 (4) 1983

99. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (लेखक) | | सूची-II (पुस्तकें) |
|---|---|---|
| (A) जगदीश भगवती | (i) | मैकिंग ग्लोबलाइजेशन वर्क |
| (B) जोसेफ स्टिगलिट्ज | (ii) | इन डिफेंस ऑफ ग्लोबलाइजेशन |
| (C) उलरिक बेक | (iii) | कैपिटलिज्म एण्ड फ्रीडम |
| (D) मिल्टन फ्रीडमेन | (iv) | व्हाट इज ग्लोबलाइजेशन ? |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

100. निम्नांकित भारत के उपराष्ट्रपतियों में से कौन से निर्विरोध निर्वाचित हुए ?

(A) एस. राधाकृष्णन

(B) बी.डी. जत्ती

(C) एम. हिदायतुल्लाह

(D) वी.वी. गिरी

सही उत्तर है :

(1) (A) और (C) (2) (A), (B) और (C)

(3) (A) और (B) (4) (B) और (C)

98. 'Asom Gana Parishad' was established in which year ?

(1) 1985 (2) 1987

(3) 1981 (4) 1983

99. Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List – I (Authors) | | List – II (Books) |
|---|---|---|
| (A) Jagdish Bhagwati | (i) | Making Globalization Work |
| (B) Joseph Stiglitz | (ii) | In Defense of Globalisation |
| (C) Ulrich Beck | (iii) | Capitalism and Freedom |
| (D) Milton Friedman | (iv) | What is Globalization ? |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

100. Which of the following Vice-Presidents of India have been elected unopposed ?

(A) S. Radhakrishnan

(B) B.D. Jatti

(C) M. Hidayatullah

(D) V.V. Giri

Correct answer is :

(1) (A) and (C) (2) (A), (B) & (C)

(3) (A) and (B) (4) (B) and (C)



Scanned by CamScanner